केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान

पंजाबी बाग (पश्चिम), रोड नं. 66, नई दिल्ली-110026

Central Ayurveda Research Institute

Punjabi Bagh (West), Road No. 66, New Delhi - 110026

(26)

फा.सं. 4-153/2023/सीएआरआई/स्था./142

दिनांक 09.07.2025

परिपत्र

दिनांक 07.07.2025 को सीसीआरएएस, नई दिल्ली के सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों (नियमित, संविदा या आउटसोर्स) को निम्नलिखित निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया जाता है:

1. किसी भी कर्मचारी को - चाहे वह नियमित, संविदा या आउटसोर्स हो - अपना **आधिकारिक आईडी कार्ड/बैज** पहने बिना संस्थान परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. सभी सहायक निदेशकों, अनुसंधान अधिकारियों और पराचिकित्सीय स्टाफ (paramedical staff) को बिना किसी अपवाद के ड्यूटी के दौरान **एप्रन** पहनना होगा।

3. अन्य सभी स्टाफ सदस्यों को, जिनके लिए **वर्दी** पहनना अनिवार्य है, को पूरी ड्यूटी अवधि के दौरान वर्दी पहननी होगी|

4. **परिधीय संस्थानों में सभी नियमित कर्मचारियों की मासिक बायोमेट्रिक उपस्थिति केवल ईमेल द्वारा मुख्यालय कार्यालय को प्रस्तुत की जाएगी।**

5. समय की पाबंदी और उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन संबंधित संस्थान के प्रभारी द्वारा मासिक आधार पर किया जाएगा।

6. उपर्युक्त निर्देशों के किसी भी विचलन या गैर-अनुपालन का स्वीकार्य नहीं होगा।

उपर्युक्त सभी बिंदु दिनांक 15.07.2025 से पूर्णतः प्रभावी होंगें|

भारती

डॉ. भारती

निदेशक (संस्थान)

सेवा में,

सीएआरआई, नई दिल्ली के सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों (नियमित, संविदा या आउटसोर्स) को अनुपालन हेतु|

प्रतिलिपि:

1. महानिदेशक, सीसीआरएएस, नई दिल्ली को कृपया सूचनार्थ|
2. श्रीमती रेणु राजन, प्रशासनिक अधिकारी, सीसीआरएएस, नई दिल्ली को कृपया सूचनार्थ|

भारती

निदेशक (संस्थान)

(28)

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान
मार्ग सं 66.पंजाबी बाग नई दिल्ली -110026

F.S. : 4-153 /2023/CARI/Estt /264 **Dated : 14/7/25**

Circular

The duty hours of the following Officials & Staff will be 9.30 A.M to 4.30 P.M in view of administrative reasons:-

1. Ms Moutusi Biswas, Asstt Matron
2. Sh Mukesh, Assistant
3. Sh Rajnath Rawat, Assistant
4. Sh Ashish Bajpai, LIA
5. Sh KaranPal Singh, Hindi Assistant
6. Ms Sonali Sharma, HindiAsistant
7. Sh Himanshu, UDC
8. Sh Sonu LDC
9. Sh Hansraj Chauhan, Office Asstt
10. Sh Rajbir Singh, Office Asstt
11. Sh Pramod Kumar, Office Asstt
12. Sh Dharmveer Singh, MTS
13. Sh Rahul, MTS
14. Sh Sagar, MTS

Dr Bharti
Director (Institute)

To

All Oficials & Staff
CARI, New Delhi

(29)

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान,
मार्ग सं 66.पंजाबी बाग नई दिल्ली -110026

फा.सं. :4-153/'2023-सीएआरआई/स्था/256 **दिनांक :** 16/9/25

परिपत्र

CCRAS मुख्यालय से दिनांक 13/08/2025 द्वारा "Guidelines for successful implementation of special Campaign 5.0 for institutionalizing swachta and minimizing pendency in Government offices" के अनुपालन में सभी सेक्शन इंचार्ज से अनुरोध है कि उनके सेक्शन में जिन फाइलों /अभिलेख की आवश्यकता नहीं है अथवा जिस अभिलेख की अवधि पूर्ण हो चुकी है , उनकी लिस्ट प्रशासन अनुभाग में दिनांक 18/09/2025 तक प्रस्तुत करने का कष्ट करें |

भारती
डॉ भारती
निदेशक (संस्थान)

सेवा में

सभी सेक्शन इंचार्ज को आवश्यक कार्रवाही हेतु |

30

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान,
मार्ग सं 66.पंजाबी बाग नई दिल्ली -110026

फा.स.:4-153/2023/सीएआरआई/स्था/377 दिनांक: 8/12/2025

परिपत्र

विषय: बायोमेट्रिक एवं उपस्थिति रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करने के सम्बन्ध में।

ऐसा देखने में आया है कि कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी (स्थाई एवं संविदा) अलग अलग दिनों में कभी बायोमेट्रिक मशीन में तथा कभी उपस्थिति रजिस्टर में अपनी दैनिक उपस्थिति दर्ज करते हैं। इस प्रकार की असंगत प्रविष्टियाँ उपस्थिति सत्यापन प्रक्रिया को जटिल बनाती हैं जिससे माह के अंत में नियमित स्टाफ की उपस्थिति मुख्यालय (CCRAS) को प्रेषित करने व संविदा आधार पर कर्मियों की आउटसोर्स एजेंसी को भेजने में परेशानी आ रही है।

सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों (स्थाई एवं संविदा)को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रतिदिन अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन तथा उपस्थिति रजिस्टर दोनों में अनिवार्य रूप से दर्ज करना सुनिश्चित करें। **यह भी नोटिस में आया है कि उपस्थिति रजिस्टर में white fluid लगाने के बाद उपस्थिति दर्ज की जाती है जोकि बहुत ही आपत्तिजनक प्रैक्टिस है। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के उपस्थिति रजिस्टर में overwriting/white fluid स्वीकार्य नहीं है।**

यह व्यवस्था सभी के हित में भी है जिससे CCRAS के पत्र के अनुपालन में उपस्थिति समय पर मुख्यालय को भेजी जा सके। उपस्थिति विवरण सटीक एवं पूर्ण उपलब्ध होने पर समयबद्ध वेतन वितरण सुनिश्चित किया जा सके। **भविष्य में यदि उपस्थिति में किसी प्रकार की असंगति या अंतर पाया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी स्वयं इसके लिए उत्तरदायी होंगे।**

अत: संस्थान के सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

08/12/25

(डॉ हेमन्त पाणिग्रही)
प्रभारी (संस्थान)

8/12/2025

सेवा में

1. संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मियों (स्थाई एवं संविदा) को आवश्यक कार्यवाही हेतु
2. नोटिस बोर्ड।
3. कार्यालय प्रति

Sent through mail/whatsapp to all concerned
8/12/25

Mail Sent

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान,
मार्ग सं 66.पंजाबी बाग नई दिल्ली -110026

File No.:4-153/2022-23/सीएआरआई/स्था/ 552 **दिनांक:** 23/3/2026

परिपत्र

दिनांक 08/03/2026 को संस्थान के आई.पी.डी. विभाग में लगभग 2.30 बजे आग लगने की घटना हुई है। इस संदर्भ में संस्थान स्तर पर गठित समिति द्वारा आग लगने की दुर्घटना के कारणों की जाँच की गई। भविष्य में संस्थान में ऐसी अग्नि दुर्घटना न हो इसके लिए समिति द्वारा दिए गए निम्न सुझाव व दिशा निर्देशों का सभी अनुभाग सख्ती से पालन करना सुनिश्चित करें।

- आई.पी.डी. एवं अन्य विभागों में उचित वेंटीलेशन की व्यवस्था की जाए एवं जिन खिडकियों में रूकावट है उसे शीघ्र क्लियर कराना सुनिश्चित करें।
- संस्थान के किसी भी अनुभाग में बिजली के सॉकेट और एक्सटेंशन बोर्ड को ओवरलोड न करें।
- इलेक्ट्रीशियन द्वारा सभी विधुत उपकरणों का नियमित निरीक्षण (SERVICING) एवं उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।
- गर्मी के मौसम में ए.सी. और पंखों को लगातार न चलाएं। दिन में कुछ समय के लिए स्विच ऑफ अवश्य करें।
- खराब तार या ढीले कनेक्शन तुरंत ठीक करवाएं।
- आपात स्थिति में मेन पावर सप्लाई बंद करें।
- काम खत्म होने के बाद कंप्यूटर, प्रिंटर आदि बंद करना सुनिश्चित करें।
- हर फ्लोर पर फायर एक्सटिंग्विशर WORKING CONDITION में होना सुनिश्चित करें। फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग करने के पशचात शीघ्र रिफिल किया जाना सुनिश्चित करें।
- आग लगने कि स्थिति में फायर अलार्म का तुरंत प्रयोग करें व समय-समय पर इलेक्ट्रीशियन द्वारा टेस्ट किया जाए।
- संस्थान में धूम्रपान न करें।
- प्रत्येक अनुभाग को साफ और व्यवस्थित रखें। बिना प्रयोग किए जाने वाले आइटम सेक्शन में न रखें उन्हें लिस्ट बनाकर स्टोर में जमा करें।
- आग लगने पर घबराएं नहीं और तुरंत अलार्म बजाएं।
- अपने आपको सुरक्षित होने पर दूसरों की मदद करें।
- फायर कंट्रोल न होने पर तुरंत फायर ब्रिगेड को 101 पर कॉल करें।
- संस्थान में तय किए गए सुरक्षित स्थान (Assembly Point) आई.पी.डी. के सामने पार्क में एकत्रित हों।

डॉ हेमन्त पाणिग्रही
प्रभारी (संस्थान)
23/3/2026

सेवा में,

1. संस्थान के सभी अनुभाग इंचार्ज को उनके अधीन स्टाफ को जागरूक करने हेतु।
2. नोटिस बोर्ड।

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान
मार्ग सं 66.पंजाबी बाग नई दिल्ली -110026

फा.स. : 4-153/2023/सीएआरआई/स्था/परिपत्र/ **दिनांक :** 20/7/26

कार्यालय आदेश 395 **/2026-27**

परिषद मुख्यालय के अधिसूचना संख्या 2-11/2024-CCRAS/Rectt/2056 दिनांक 29/06/2026 एवं आयुष मंत्रालय के पत्र संख्या L-19013/34/2023-AS (172680) दिनांक 01/06/2026 के अनुसार हिंदी पदों के नामकरण में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है :

क्र० सं०	पुराना पदनाम	वेतन स्तर	नया पदनाम	वेतन स्तर
1.	हिंदी अधिकारी	10	**सहायक निदेशक (राजभाषा)**	10
2.	हिंदी सहायक (अनुवादक)	06	**कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी**	06

अत: संस्थान में पदस्थ सम्बन्धित स्टाफ के वर्तमान पदनाम में तदनुसार परिवर्तन करने के आदेश पारित किए जाते हैं।

(डॉ हेमन्त पाणिग्रही)
सहायक निदेशक/इंचार्ज (संस्थान)

सेवा में

1. लेखा अनुभाग, सी.ए.आर.आई. नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाही हेतु।
2. श्री सोनू अवर श्रेणी लिपिक सी.ए.आर.आई., नई दिल्ली को अभिलेख में आवश्यक संशोधन हेतु।
3. हिंदी सैल, सी.ए.आर.आई., नई दिल्ली को सूचनार्थ।
4. कार्यालय आदेश फ़ाइल

दिनांक 30.06.2026

सेवा में,

निदेशक (संस्थान),

सीएआरआई, पंजाबी बाग, नई दिल्ली।

विषय: हिंदी पदों के नामकरण में परिवर्तन के संबंध में।

महोदय,

दिनांक 29 जून 2026 को मुख्यालय के पत्र संख्या फा.सं.2-11/2024-CCRAS/Rectt./2056 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राजभाषा विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 5/5/2019- राजभाषा (सेवा) दिनांक 16.01.2020 के अनुसार हिंदी पदों के नामकरण में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है-

पुराना पदनाम	नया पदनाम
हिंदी सहायक (अनुवादक)	कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी

अत: आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त के संबंध में अपने स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

संलग्न: अधिसूचना

भवदीया

30-06-2026

सोनाली शर्मा

कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी

राजभाषा अनुभाग

सीएआरआई, नई दिल्ली

केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसन्धान परिषद्
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
जवाहर लाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान भवन
61-65, संस्थागत क्षेत्र, सामने डी-ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
CENTRAL COUNCIL FOR RESEARCH IN AYURVEDIC SCIENCES
Ministry of Ayush, Govt. of India
Jawahar Lal Nehru Bharatiya Chikitsa Evam Homoeopathy Anusandhan Bhawan
61-65, Institutional Area, Opp. 'D' Block, Janakpuri, New Delhi-110058

EPBX
28525852
28520501
28522524
28525831
28525862
28525883
28525897
28525488
28525991

F.No. 2-11/2024-CCRAS/Rectt./2056 दिनांक : 29 JUN 2026

अधिसूचना

आयुष मंत्रालय द्वारा अपने पत्र संख्या L-19013/34/2023-AS(172680) दिनांक 01.06.2026 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि सीसीआरएएस के 40 हिंदी पदों [4 सहायक निदेशक (राजभाषा), 24 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा 12 हिंदी टाइपिस्ट] के सृजन प्रस्ताव के स्थान पर व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय ने आईडी संख्या 11(3)/Ayush/ECI/2026 दिनांक 20.05.2026 के माध्यम से वेतन स्तर-6 में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के 21 पदों के सृजन हेतु सहमति प्रदान की है जिसके अनुसार सीएआरआई, पटियाला; एनसीआईएसएच, हैदराबाद; आरएआरआई, लखनऊ; आरएआरआई, जयपुर; आरएआरआई, ग्वालियर; आरएआरआई, विजयवाड़ा; आरएआरआई, नागपुर; सीएआरआई, बेंगलुरु; आरएआरआई, त्रिवेंद्रम; आरएआरआई, पटना; सीएआरआई, गुवाहाटी; आरएआरआई, गंगटोक; आरएआरआई, ईटानगर; आरएआरआई, जम्मू; आरएआरआई, मंडी; आरएआरआई, अहमदाबाद; आरएआरआई, रानीखेत; सीएआरआई, झांसी; आरएआरआई, पुणे; सीएसएमसीएआरआई, चेन्नई तथा आरएआरसीएमएमआर, गोवा संस्थानों में एक-एक पद स्वीकृत किया गया है।

1. व्यय विभाग ने अपने उपर्युक्त आईडी के माध्यम से हिंदी अधिकारी के एक पद को पुनर्जीवित करने पर भी सहमति प्रदान की है।
2. समान वेतनमान होने के कारण, राजभाषा विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 5/5/2019-राजभाषा (सेवा) दिनांक 16.01.2020 के अनुसार हिंदी पदों के नामकरण में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है---

क्र. सं.	पुराना पदनाम	वेतन स्तर	नया पदनाम	वेतन स्तर	पदों की संख्या (वर्तमान/पुनर्जीवित/नव सृजित सहित)
1	हिंदी अधिकारी	10	सहायक निदेशक (राजभाषा)	10	01 (वर्तमान पुनर्जीवित)
2	हिंदी सहायक (अनुवादक)	06	कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	06	28 (7+21)

3. नव सृजित पदों को संबंधित संस्थानों के स्टाफ पैटर्न में सम्मिलित कर लिया गया है, जिनके लिए ये सृजित किए गए हैं।

यह आदेश महानिदेशक, सीसीआरएएस की स्वीकृति से जारी किया जाता है।

(ए. के. मीणा)
प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती)

सेवा में,

सीसीआरएएस के सभी प्रभारी परिधीय संस्थान/अनुसंधान केंद्र

जारी...

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान,
मार्ग सं 66.पंजाबी बाग नई दिल्ली -110026

फा.स.:4-153/2023/सीएआरआई/स्था/247 **दिनांक:**29/7/26

परिपत्र

विषय: बायोमेट्रिक एवं उपस्थिति रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करने के सम्बन्ध में।

संस्थान से पूर्व में जारी समसंख्यक परिपत्र संख्या 377 दिनांक 08/12/2025 के संदर्भ में **पुनः** ऐसा देखने में आया है कि कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी (स्थाई एवं संविदा) अलग अलग दिनों में कभी बायोमेट्रिक मशीन तथा कभी उपस्थिति रजिस्टर में अपनी दैनिक उपस्थिति दर्ज करते हैं। इस प्रकार की असंगत प्रविष्टियाँ उपस्थिति सत्यापन में परेशानी आ रही है। यदि कोई अधिकारी/कर्मी बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति दर्ज नहीं करते हैं और रजिस्टर में ही उपस्थिति दर्ज करते हैं तो यह भी शक पैदा होता है कि सम्बन्धित अधिकारी/कर्मी समय पर उपस्थित नहीं हुए हैं।

अत: सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों (स्थाई एवं संविदा) को पुन: निर्देशित किया जाता है कि वे प्रतिदिन अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन तथा उपस्थिति रजिस्टर **दोनों में** अनिवार्य रूप से दर्ज करना सुनिश्चित करें। भविष्य में यदि उपस्थिति में किसी प्रकार की असंगति या अंतर पाया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी स्वयं इसके लिए उत्तरदायी होंगे।

29/7/26

(डॉ हेमन्त पाणिग्रही)
सहायक निदेशक/इंचार्ज (संस्थान)

सेवा में

1. संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक अनुपालना हेतु।
2. नोटिस बोर्ड।
3. कार्यालय प्रति

Mail sent

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान,
मार्ग सं 66.पंजाबी बाग नई दिल्ली -110026

फा.स.:4-153/2023/सीएआरआई/स्था/293 **दिनांक: 20/8/26**

परिपत्र

विषय: व्यक्तिगत मामलों के लिए सी.सी.आर.ए.एस. मुख्यालय में सम्बन्धित डीलिंग सहायक से सम्पर्क करने के विषय में |

मुख्यालय के संज्ञान में यह आया है कि परिधीय संस्थानों/केन्द्रों के अधिकारी/कर्मी अक्सर मुख्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से टेलीफोन पर सम्पर्क करके अपनी व्यक्तिगत शिकायतों, अनुरोधों, अभ्यावेदन और अन्य अधिकारिक मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं |

इस संदर्भ में मुख्यालय के परिपत्र संख्या HQ-ESTT012/24/2026-ESTT-(भाग-1) 3319 दिनांक 19/08/2026 द्वारा सूचित किया है कि मुख्यालय में व्यकितगत मामलों की निगरानी और समय पर निपटान को सुगम बनाने के लिए CCRAS शिकायत प्रबन्धन पोर्टल का शुभारम्भ किया है | अत: सभी employees को सलाह दी जाती है कि वे अपनीशिकायत/आवेदनों की निगरानी के लिए इस पोर्टल के व्यापक उपयोग करें |

मुख्यालय में प्रशासनिक अधिकारीयों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियोंसे नियमित स्थिति सम्बन्धी पूछताछ के लिए टेलीफोन कॉल करने से आमतौर पर बचना चाहिए क्योंकि वे व्यक्तिगत मामलों की नवीनतम स्थिति प्रदान करने की स्थिति में नहीं होते हैं | मुख्यालय ने यह भी सूचित किया है कि व्यक्तिगत मामले सम्बन्धित संस्थान के माध्यम से ही प्रेषित किए जाएँ और यह सलाह दी है कि एक ही मामले पर बार बार पूछताछ करने से बचें तथा मामलों के निपटान प्रक्रिया के लिए उचित समय दें |

व्यक्तिगत मामलों की नवीनतम स्थिति जानने के लिए संस्थान के employees मुख्यालय में संस्थान के डीलिंग सहायक से सीधे सम्पर्क कर सकते हैं | केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के अलग अलग मामलों के लिए निम्न डीलिंग सहायक हैं --

Sl.No.	Subject	Dealing Asstt	Mob Number	e-mail Id
1.	Administration	Sh O.P. Yadav Office Asstt	9582494124	Op.yadav@ccras.nic.in
2.	Establishment	Smt Aarti, Assistant	9161677028	Aarti18@ccras.nic.in

अत: संस्थान के सभी अधिकारीयों/कर्मियों को सलाह दी जाती है कि वे मुख्यालय के उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन करें | मुख्यालय से व्यक्तिगत मामलों में सम्पर्क करने से पहले संस्थान प्रभारी की अनुमति लेना आवश्यक है |

(डॉ हेमन्त पाणिग्रही)
सहायक निदेशक/इंचार्ज (संस्थान)

20/8/2026

सेवा में

1. संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु |
2. नोटिस बोर्ड |
3. कार्यालय प्रति

Mail sent

केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान,
मार्ग सं 66.पंजाबी बाग नई दिल्ली -110026

फा.स.:4-153/2023/सीएआरआई/स्था/293 **दिनांक: 20/8/26**

परिपत्र

विषय: व्यक्तिगत मामलों के लिए सी.सी.आर.ए.एस. मुख्यालय में सम्बन्धित डीलिंग सहायक से सम्पर्क करने के विषय में |

मुख्यालय के संज्ञान में यह आया है कि परिधीय संस्थानों/केन्द्रों के अधिकारी/कर्मी अक्सर मुख्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से टेलीफोन पर सम्पर्क करके अपनी व्यक्तिगत शिकायतों, अनुरोधों, अभ्यावेदन और अन्य अधिकारिक मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं |

इस संदर्भ में मुख्यालय के परिपत्र संख्या HQ-ESTT012/24/2026-ESTT-(भाग-1) 3319 दिनांक 19/08/2026 द्वारा सूचित किया है कि मुख्यालय में व्यकितगत मामलों की निगरानी और समय पर निपटान को सुगम बनाने के लिए CCRAS शिकायत प्रबन्धन पोर्टल का शुभारम्भ किया है | अत: सभी employees को सलाह दी जाती है कि वे अपनीशिकायत/आवेदनों की निगरानी के लिए इस पोर्टल के व्यापक उपयोग करें |

मुख्यालय में प्रशासनिक अधिकारीयों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियोंसे नियमित स्थिति सम्बन्धी पूछताछ के लिए टेलीफोन कॉल करने से आमतौर पर बचना चाहिए क्योंकि वे व्यक्तिगत मामलों की नवीनतम स्थिति प्रदान करने की स्थिति में नहीं होते हैं | मुख्यालय ने यह भी सूचित किया है कि व्यक्तिगत मामले सम्बन्धित संस्थान के माध्यम से ही प्रेषित किए जाएँ और यह सलाह दी है कि एक ही मामले पर बार बार पूछताछ करने से बचें तथा मामलों के निपटान प्रक्रिया के लिए उचित समय दें |

व्यक्तिगत मामलों की नवीनतम स्थिति जानने के लिए संस्थान के employees मुख्यालय में संस्थान के डीलिंग सहायक से सीधे सम्पर्क कर सकते हैं | केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के अलग अलग मामलों के लिए निम्न डीलिंग सहायक हैं --

Sl.No.	Subject	Dealing Asstt	Mob Number	e-mail Id
1.	Administration	Sh O.P. Yadav Office Asstt	9582494124	Op.yadav@ccras.nic.in
2.	Establishment	Smt Aarti, Assistant	9161677028	Aarti18@ccras.nic.in

अत: संस्थान के सभी अधिकारीयों/कर्मियों को सलाह दी जाती है कि वे मुख्यालय के उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन करें | मुख्यालय से व्यक्तिगत मामलों में सम्पर्क करने से पहले संस्थान प्रभारी की अनुमति लेना आवश्यक है |

(डॉ हेमन्त पाणिग्रही)
सहायक निदेशक/इंचार्ज (संस्थान)

20/8/2026

सेवा में

1. संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु |
2. नोटिस बोर्ड |
3. कार्यालय प्रति